# POLICE COMMISSIONERATE PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 17.05.2025

### हत्या का प्रयास करने के अभियोग का वांछित 01 अभियुक्त थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल .32 बोर तथा 01 कारतूस .32 बोर व 02 खोखा कारतूस .32 बोर बरामद

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 229/2025 धारा 191(2)/191(3)/190 /324(4)/109 बीएनएस के नामजद वांछित अभियुक्त वेद प्रकाश दुबे पुत्र सुरेन्द्रनाथ दुबे निवासी म0नं0 328 धनुहां मामा भांजा थाना नैनी जनपद प्रयागराज को दिनांक 16.05.2025 को मीना बाजार सुभाष चौराहे के पास थाना क्षेत्र सिविल लाइंस से गिरफ्तार कर निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल .32 बोर तथा 01 कारतूस .32 बोर व 02 खोखा कारतूस .32 बोर सरस्वती हाइटेक सिटी के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक-15.05.2025 को वादी पीयुष मिश्रा पुत्र अमिका प्रसाद मिश्रा निवासी ददरी नैनी थाना नैनी जनपद- प्रयागराज की तहरीरी सूचना बावत विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर जमीन के विवाद में वादी की बाउण्ड्री वाल तोड़ना, मारपीट के लिए आक्रोशित हो जाना तथा जान से मारने की नियत से गोली चला देना, जिससे वादी व अन्य को चोटे आने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 229/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/324(4)/109 बीएनएस बनाम वेद प्रकाश दुबे आदि के विरूद्ध पंजीकृत हुआ। दिनांक-16.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त वेद प्रकाश दुबे उपरोक्त को थाना क्षेत्र सिविल लाइंस से गिरफ्तार किया गया तथा आज दिनांक-17.05.2025 को अभियुक्त की

निशांदेही पर थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से 01 पिस्टल .32 बोर तथा 01 कारतूस .32 बोर व 02 खोखा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ पर अभियुक्त वेद प्रकाश दुबे उपरोक्त ने बताया कि दिनांक-15.05.2025 शाम के समय जमीन के मामले को लेकर मामा भांजा चौकी के पास मैं व साथी अधिवक्तागण करन पाण्डेय, प्रमोद कुमार शर्मा, वेद व्यास, शिवम शुक्ला उर्फ अशु, निर्भय द्विवेदी, राहुल गुप्ता व अन्य अधिवक्ताओं के साथ बातचीत कर रहे थे कि तभी वहाँ पर रानू तिवारी उर्फ देवेन्द्र तिवारी पुत्र कृष्ण बिहारी तिवारी निवासी धनुहां थाना नैनी जनपद प्रयागराज अन्य अपने साथी के साथ आ गया। हम लोगों का तथा रानू तिवारी व उसके साथी के साथ आपस में बहस होने लगा। रानू तिवारी धमकी देने लगा तब मैनें अपने पास रखी पिस्टल से व करन पाण्डेय अपने पास रखे असलहे से रानू तिवारी व उसके अन्य साथियों के ऊपर फायर किया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

वेद प्रकाश दुबे पुत्र सुरेन्द्रनाथ दुबे निवासी म0नं0 328 धनुहां मामा भांजा थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 40 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 229/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/324(4)/109 बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**अभियुक्त वेद प्रकाश दुबे उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 16/2023 धारा 420/467/ 468/ 471 भा.द.वि. थाना नैनी प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 465/2024 धारा 115(2)/288/351(2)/352 बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट थाना नैनी प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

1.01 पिस्टल .32 बोर

2.01 कारतूस .32 बोर
3.02 खोखा कारतूस .32 बोर

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 बृजेश कुमार यादव थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 अरविन्द यादव थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 सोहराब अहमद थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. उ0नि0 उत्कर्ष सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. उ0नि0 मनोज सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. का0 नरेन्द्र पाल थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. का0 जगदीश यादव थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना मऊआइमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-174/2025 धारा-75/351(3)/64(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 यूसुफ पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम बसरही थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-17.05.2025 को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत रेवारी चौराहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मो0 यूसुफ पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम बसरही थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-174/2025 धारा-75/351(3)/64(1) भा0न्या0सं0 थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 गिरीशचन्द मौर्य, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. हे0का0 सरफराज खां, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।